हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - अंत्योदय की भावना से प्रेरित गरीबों का कल्याण पिछले 12 वर्षों से सरकार की नीतियों का आधार रहा है
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज चंडीगढ़ में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के भारत क्षेत्र के जोन-2 सम्मेलन का उद्‌घाटन किया।
- श्री ओम बिरला ने कहा कि आपसी संवाद और सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत के संकल्प की प्राप्ति संभव है।
- राज्य सभा के उपाध्यक्ष श्री हरिवंश ने कहा कि सीधे लाभ हस्तांतरण से सामाजिक कल्याण को नई दिशा मिली है।
- मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का लक्ष्य प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था बनाना है।
- हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में निर्मित आधुनिक अनुभूत शौचालय का उद्‌घाटन किया।

-------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के हित में सरकार की 12 वर्ष की विकास यात्रा को रेखांकित किया है। श्री मोदी ने आज कहा कि इस दौरान देश कई बदलावों का साक्षी बना तथा गरीब कल्याण और वंचित वर्ग इन बदलावों के केंद्र बिंदु में रहा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय हमेशा से सरकार के लिये प्रेरणा स्रोत रहा और यही कोशिश रही कि विकास का लाभ दशकों से पीछे छूट गये लोगों तक

पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन धन खाता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी हर पहल का उद्देश्य लोगों के लिये गरिमा और अवसर सुनिश्चित करना रहा है।

*पिछले 11 साल में देश में 25 करोड लोगों ने गरीबी को हराया है, गरीबी को परास्त किया है और गरीबी से बाहर निकलकर के 25 करोड़ का एक बहुत बड़ा समूह नियो मिडिल क्लास के रूप में आज देश के अंदर बहुत बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस नियो मिडिल क्लास की अपनी एक्सप्रेशंस हैं, अपने सपने हैं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण यात्रा व्यक्ति के सशक्तिकरण और 'विकसित भारत' का स्वप्न साकार करने का सामूहिक अभियान बन गया है।

*गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प, सबका साथ सबका विकास का मंत्र, गरीब कल्याण, गरीब की सेवा, उसके जीवन में बेहतरी, देश का विकास देश के संसाधन आखिरी व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव पहुंचे यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही। आज हर जरूरतमंद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कारण खाने की चिंता से मुक्त है।*

---------------------

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ -CPA के भारत क्षेत्र के जोन-2 सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंच पर उनके साथ राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष

हरविंदर कल्याण, उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्□ा और हरियाणा के संसदीय मामलों के मंत्री महिपाल □ांडा भी मौजूद रहे।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री ओम बिरला ने लोकतान्त्रिक संस्थाओं के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य आपसी संवाद और सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत के ऐतिहासिक संकल्प की प्राप्ति है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य और देश के विकास की संकल्पनाओं को पूरा करना हमारा दायित्व है।

लोकसभा अध्यक्ष से पहले राज्यसभा के उपाध्यक्ष श्री हरिवंश ओम बिरला ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने देश को विकसित बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विकास के छः स्तंभों का जिक्र किया और समेकित विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विकसित राज्य ही विकसित भारत का सपना साकार करेंगे। हरियाणा में विकास के लक्ष्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा-

उद्घाटन सत्र के दौरान हरियाणा के इतिहास पर एक खास दस्तावेजी फिल्म भी दिखाई गई।तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में पूरे भारत से आए विधायक और पीठासीन अधिकारी 'विकसित भारत 2047' के तहत राष्ट्र-निर्माण

में विधायकों की भूमिका, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लोकतांत्रिक संस्थाओं को और ज़्यादा असरदार बनाने जैसे अहम विषयों पर चर्चा करेंगे।

-----------------------------------

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज नगर परिषद पलवल के वार्ड नंबर-12 स्थित ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में निर्मितआधुनिक अनुभूत शौचालय का उद्घाटन किया।यह भारत सरकार और हरियाणा सरकार के संयुक्त वित्तीय सहयोग से लगभग 30 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह आधुनिक सार्वजनिक शौचालय परिसर आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय केदिशा-निर्देशों तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की भावना के अनुरूप तैयार किया गया है। इसका उद्देश्यनागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित,समावेशी और सुलभ सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाएंउपलब्ध कराना है। इस अनुभूत शौचालय परिसर में पुरुषों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और दिव्यांगजनों के लिएअलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा माताओं और छोटे बच्चों कीजरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेबी केयर रूम तथा साफ-सफाई और रखरखाव सामग्री केसुरक्षित भंडारण के लिए स्टोर रूम भी बनाया गया है।

-------------------------

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेणु भाटिया ने आज फरीदाबाद में महिलाओं से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की।जनसुनवाई के दौरान जिले भर से आए 34 मामलों मे से चार मामलों का मौके परही निपटारा कर दिया गया, जबकि तीन मामलोंमें दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता कराया गया।मीडिया से बातचीत मे रेणु भाटिया ने बताया कि कुछ मामलों को आगे कीकानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा गया है, जबकि कई मामलों में अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गईहै। उन्होंने कहा कि

जनसुनवाई में मुख्य रूप से लिव-इन रिलेशनशिप, वैवाहिक विवाद, एक्स्ट्रा मैरिटल संबंधों तथा पारिवारिक कलह से जुड़े मामलेसामने आए।

-----------------------------------

बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने आज आर्य नगर मे 13  गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से लगभग 65 लाख रुपये की लागत से आरएमसी गलियों का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को ल आवागमन में सुविधा होगी।

विधायक ने बताया कि आर्य नगर में सीवर और पेयजल लाइन बिछाने पर करीब 3 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

-------------------------

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नूँह जिले में आयुष विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज जिले के मरोड़ा, उजीना, नगीना, फिरोजपुर झिरका, पिनगवां एवं पुन्हाना स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. यशबीर गहलावत ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षित करना तथा योग को जन-जन तक पहुंचाना है।

डॉ. गहलावत ने जिलेवासियों से आहवान किया कि वे 21 जून को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योग को जनआंदोलन बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

---------------------